सार-समाचार

मोशन में दीपावली का त्यौहार मनाया

कोटा (निसं)। मोशन एजुकेशन की ओर से शुक्रवार को दीपावली का पर्व उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान दीप जलाऐं, पटाखे चलाए और बच्चों ने शानदार म्युजिकल प्रस्तुतियां दी। मुख्य समारोह ध्रुव कैम्पस में हुआ। इसका उद्घाटन मोशन एजुकेशन के चेयरमैन सुरेंद्र विजय और डायरेक्टर सुशीला विजय ने किया। सीईओ और फाउंडर नितिन विजय, डॉ.स्वाति विजय, ज्वाइंट डायरेक्टर रामरतन द्विवेदी, अमित वर्मा, डिप्टी डायरेक्टर डॉ.आशीष माहेश्वरी, जितेंद्र चंदवानी और ललित विजय ने भी समारोह में शिरकत की। चेयरमैन सुरेंद्र विजय ने विद्यार्थियों को दीपावली का महत्व बताते हुए कहा कि दीपावली का त्यौहार भगवान श्रीराम के चौदह साल वनवास काटने के बाद अपने घर अयोध्या लौटने की खुशी में मनाया जाता है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद बच्चों ने एक से एक शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे-एकल और सामूहिक नृत्य, कविता पाठ, शायरी, गायन और भाषण पेश किए। समापन फाउंडेशन डिवीजन के स्टूडेंट्स के रैंप वॉक से हुआ। संचालन 12वीं बायोलॉजी की छात्रा श्रेया जयसवाल ने किया। मोशन के द्रोणा, दक्ष और कारपोरेट ऑफिस कैम्पस में भी दीपावली सेलिब्रेशन हुआ। इसमें स्टॉफ को मिठाई और उपहार वितरित किए। इस दौरान अपने घर से हजारों किलोमीटर दूर कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहे बच्चों ने गीत-संगीत पर डांस कर त्यौहार का आनंद लिया। स्टाफ ने भी दीपावली महोत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

निरीक्षण के दौरान दूषित चाशनी मिली

कोटा, (निसं)। दीपावली व दशहरा मेले में पर आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेशभर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। जिससे खाद्य सामग्री विक्रेता मिलावटी सामग्री नहीं बेच सकें। शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर डॉ.रविन्द्र गोस्वामी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी ने बताया कि कोटा में दिवाली के पहले 'शुद्ध आहार मिलावट पर वार' अभियान चलाया हुआ है। इसके तहत लगातार कोटा व कोटा के ग्रामीण इलाको में सघन कार्यवाही की गई। शुक्रवार को टीम ने कोटा शहर सहित सांगोद, देवलीमाँझी, केथुन पहुंच कर दर्जनों दुकानों का निरीक्षण कर कोटा बालिता रोड़ स्थित कहार मिल्क प्रोडक्ट्स, पाटन चौराहा स्थित कहार डेयरी, सांगोद स्थित ओम मिष्ठान भण्डार, अग्रवाल नमकीन एंड स्वीट्स, कैथून स्थित के.जी.एन.जोधपुर एंड स्वीट्स से 13 नमूने दही-2, पनीर-1, मावा-2,घी-1, क्रीम-1, दूध-2, मिल्क केक-1, बर्फी -2, मीठी नुक्ती-1 का एक नमूना लेकर, 72 किलो दूषित चासनी व 10 किलो सड़ी मिठाई नष्ट करायी। साथ ही एमएफटीएल चल प्रयोगशाला द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों के 22 नमूनों की जांच की गई। लिए गए सभी नमूनों को जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया, रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।

'सरकार किसानों को पर्याप्त मात्रा मे खाद, बीज, बिजली, पानी मुहैया कराए'

कोटा, (निसं)। भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर किसानों को रबी की फसल के लिए पर्याप्त मात्रा मे खाद, बीज, बिजली, पानी मुहैया कराए जाने की मांग की है। मनोज दुबे ने कहा की प्रदेश का किसान रबी की फसल बुआई के लिए खाद बीज बिजली पानी के लिए परेशान हो रहा है। किसानों को ना डीएपी मिल रही है, ना बीज ओर ना बिजली-पानी जिससे किसानों की रबी की फसल की बुआई बाधित हो रहीं है। सरकार किसानों की मांग के अनुरूप किसानों को सही गुणवत्ता वाली खाद और बीज उपलब्ध कराऐं। व खाद एवं बीज की किल्लत दूर करें। मनोज दुबे ने कहा की सरकार किसानों से चुनाव मे 24 घंटे बिजली देने की बात करती हैं। लेकिन किसानों को 12 घंटे भी बिजली नहीं दे रही है। किसानों को बड़ी मुश्किल से मात्र 6 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। किसानों को नहरी पानी मिलने मे भी काफी समस्याएं हैं। क्योकि नहरों व वितरिकाओं की सफ़ाई सही प्रकार से नहीं हुई है। मनोज दुबे ने कहा की किसानों को खाद, बीज, बिजली, पानी की समस्या के लिए परेशान नहीं होने दिया जाएगा। अगर किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा मे खाद, बीज, बिजली, पानी उपलब्ध नहीं हुआ तो भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा सड़कों पर उतर कर सरकार व प्रशासन का विरोध करेगी।

आबकारी विभाग ने बकायादार की 2.43 हैक्टेयर जमीन कुर्क की

कोटा, (निसं)। राज्य में बकाया वसूली के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को आबकारी विभाग ने एक बकायादार की 2.43 हैक्टेयर जमीन कुर्क की गई है। इस बकायादार पर विभाग के वर्ष 2021 से एक करोड़ रुपये से अधिक की बकाया राशि चल रही है। इस पर अतिरिक्त आबकारी आयुक्त, जोन कोटा नरेश मालव व जिला आबकारी अधिकारी भंवरलाल जनागल के निर्देशानुसार कार्यवाही की गई। सहायक आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार प्रजापत ने बताया कि एमनेस्टी योजना 2024 के अन्तर्गत बकायादारों को राज्य सरकार द्वारा मूल राशि की आधी राशि जमा कराने की छूट दी गई है। इस पर भी जिन बकायादारों द्वारा राशि जमा नहीं करवाई जा रही है उन पर नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। इसके तहत बाकीदार प्रेमचन्द मेहता पुत्र छीतरलाल मेहता निवासी ग्राम कुराड़ तहसील कनवास जिला कोटा की ग्राम कुराड़ में स्थित 2.43 हैक्टेयर कृषि भूमि कुर्क की गई। कार्यवाही में आबकारी निरीक्षक विपीन वेदजीत मीणा, चेतन लाल रेगर, प्रदीप सिंह मीणा, पुष्पेन्द्र सिंह, सुखवेन्द्र सिंह व प्रहराधिकारी पृथ्वीराज सिंह मीणा मय जाप्ता शामिल रहे।

अन्नकूट महोत्सव के कार्ड का विमोचन

कोटा, (निसं)। आदर्श अग्रवाल सेवा संस्था एवं प्रादेशिक सेवारत वैश्य सेवा संस्था द्वारा आयोजित अन्नकूट महोत्सव के कार्ड का विमोचन शुक्रवार को समाजसेवी महेश गुप्ता द्वारा किया गया। संस्थान के अध्यक्ष हुकम मंगल ने बताया कि अग्रवाल सम्मेलन की ओर से रीको सामुदायिक भवन इन्द्र विहार पर अन्नकूट आयोजित किया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा स्पीकर ओम बिरला होंगे। कार्यक्रम में शहर के प्रमुख जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में समाजबंधु भाग लेंगे। इस मौके पर संस्था के 63 कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे। जिसमें महेश गुप्ता, हुकुमचंद मंगल, अनिल गुप्ता, आरसी गुप्ता, राजेंद्र जैन, रमेश खंडेलवाल, कुंजबिहारी चित्तौड़ा, किशन चंद गुप्ता, बद्री विशाल गुप्ता, सुरेंद्र मोहन मित्तल, सीके पूर्व, सीताराम मंगल, तरसेम गर्ग, गिर्राज पोखरा, हनुमान अग्रवाल, मोहनलाल मित्तल, सोहनलाल मित्तल, सुरेश नाटाणी, महावीर प्रसाद जैन,अनूप सिंगला, मनोज गुप्ता, विजय बंसल उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई

कोटा, (निसं)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ.गोस्वामी ने निर्देश दिए कि जिले के सभी निजी एवं सरकारी स्कूलों के बाल वाहिनियों के ड्राईवर, कंडक्टर, हेल्पर एवं स्कूल स्टाफ के लिए पुलिस द्वारा एक विशेष ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित किया जाए, जिसमें उन्हें ड्राइविंग के नियमों और सुरक्षा से जुड़ी समस्त जानकारी विस्तार से प्रदान की जाएगी। इस प्रशिक्षण के बाद ड्राईवरों को एक सर्टिफिकेट भी प्रदान किया जाएगा, ताकि बच्चों के परिजन भी उनके प्रशिक्षित होने के बारे में आश्वस्त हो सकें।

आठ प्रकरणों में पैरोल स्वीकृत

कोटा, (निसं)। पैरोल सलाहकार समिति की बैठक शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में 11 प्रकरण प्रस्तावित किए गए जिनमें से आठ प्रकरणों में पैरोल स्वीकृति दी गई। दो प्रकरण निरस्त किए गए जबकि एक प्रकरण में पुन: रिपोर्ट मंगवाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिटी कारागृह अधीक्षक एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

दीवाली लाइटिंग का शुभारम्भ किया

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को सीकर रोड व्यापार मंडल द्वारा की जा रही बाज़ार साज-सज्जा में लाईट डेकोरेशन का शुभारम्भ किया। इस मौक़े पर हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य भी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री ने सभी क्षेत्रवासियों को त्योहारों की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य की पूरी टीम विद्याधर नगर के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है औऱ तेज़ी से विकास के काम शुरु किये जा रहे है।

शिक्षा मंत्री ने महिला मजदूरों के बीच बैठकर दाल-रोटी खाई

कोटा, (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर गुरूवार को देवली खुर्द गांव में आयोजित सरकार आपके द्वार समस्या समाधान शिविर में शामिल होने पहुंचे थे। रास्ते में भावपुरा गांव में शिक्षा मंत्री मजदूर महिलाओं से मिले और बड़ी सहजता के साथ जमीन पर बैठकर उनकी बात सुनी।

महिलाओं से बातचीत के दौरान शिक्षा मंत्री ने उनसे पूछा कि आज टिफिन में क्या है। इस पर महिलाओं ने बताया कि टिफिन में दाल और रोटी है। मंत्री ने जब कहा कि मुझे खिलाओ तब एक मजदूर महिला बोली आप मंत्री हैं हमारा हाथ का बनाया भोजन खाएंगे। इस पर मंत्री ने कहा कि मैं खाऊंगा। इसके बाद शिक्षा मंत्री उन महिला मजदूरों के साथ बैठ गए और उनके टिफिन से दाल रोटी खाई। मंत्री को अपने हाथों से बना भोजन करते देख महिलाएं बहुत प्रसन्न थी। भोजन कराने वाली महिला ने कहा कि सभी नेता हर बार चुनाव में बस्ती में वोट मांगने तो आते हैं। लेकिन इस तरह से हम गरीब लोगों के हाथ से बना खाना किसी नेता ने नहीं खाया। ''ये छै माह जैसा गरीब लोगान का असली नेता।''

1 करोड़ 61 लाख रुपए से निर्मित दो सड़कों का लोकार्पण:- शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में एक करोड़ 61 लाख 56 हजार रुपए की लागत से निर्मित 2 सड़कों का लोकार्पण किया। शिक्षा मंत्री ने बिशनीया खेड़ी गांव में 80.37 लाख रुपए की लागत से निर्मित डेढ़ किलोमीटर लंबी रावली से बिशनीया खेड़ी मिसिंग लिंक रोड तथा 81 लाख की लागत से निर्मित डेढ़ किलोमीटर लंबी भावपुरा से देवली मिसिंग लिंक रोड का लोकार्पण किया। दोनों सड़कों का निर्माण कृषि उपज मंडी समिति (विशिष्ठ श्रेणी) रामगंजमंडी के अंतर्गत कराया गया है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि 5 मिसिंग लिंक सड़कें स्वीकृत हो गई हैं, आने वाले समय में 5 और स्वीकृत कराई जाएंगी। पांच साल में कोई भी गांव सड़कों से वंचित नहीं रहेगा। कार्यक्रम में प्रधान कलावती मेघवाल नीता वसीटा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

आधुनिक शौचालय का लोकार्पण:- शिक्षा मंत्री ने देवली खुर्द में 10 लाख की लागत से बने आधुनिक सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया। शौचालय का निर्माण लोकसभा स्पीकर के सांसद कोष से 10 लाख रुपए देकर ग्रामवासियों की मांग पर करवाया गया। परिसर में महिलाओं एवं पुरूषों के लिए अलग-अलग आधुनिक शौचालय का निर्माण किया गया है।

प्रवेश से वंचित 9 छात्रों का एडमिशन करवाया:- सरकार आपके द्वारा समस्या समाधान शिविर के अंतर्गत शुक्रवार को देवली खुर्द में आयोजित जनसुनवाई के दौरान शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने प्रवेश से वंचित 9 छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा से बात कर महाविद्यालय में प्रवेश दिलाया। साथ ही, दोनों वर्गों को बालिका से सह शिक्षा में परिवर्तित किए जाने के प्रस्ताव भेज कर स्वीकृत कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए। शिक्षा मंत्री को राजकीय महाविद्यालय रामगंजमंडी के प्राचार्य संजय सिंह गुर्जर का पत्र लेकर पहुंचे इन 9 छात्र-छात्राओं ने बताया कि बजट घोषणा वर्ष 2021-22 की घोषणा की अनुपालन में राजकीय महाविद्यालय रामगंजमंडी (सह शिक्षा कला संकाय) में दो अतिरिक्त वर्ग स्वीकृत किए गए थे जिनके अंतर्गत केवल बालिकाओं को ही प्रवेश की अनुमति है। जिससे छात्र इनमें प्रवेश से वंचित रह जाते हैं।

गत सत्र में भी अतिरिक्त आयुक्त के पत्र के पश्चात अतिरिक्त वर्ग की शेष रिक्त सीटों पर फीस जमा करा चुके छात्रों का प्रवेश हो पाया था। इस वर्ष भी छात्र पुन: प्रवेश से वंचित हैं। अत: इन दोनों वर्गों को सह शिक्षा में परिवर्तित किया जाए तथा प्रवेश से वंचित छात्रों को उक्त अतिरिक्त वर्ग की सीटों पर प्रवेश दिया जाए।

इस पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए शिक्षा मंत्री ने अतिरिक्त आयुक्त कॉलेज शिक्षा से बात कर महाविद्यालय में प्रवेश दिलाया। शिक्षा मंत्री ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई सरकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कोटा विकास प्राधिकरण ने चन्द्रमोली आवासीय योजना लॉन्च की

कोटा, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण के द्वारा आवासीय योजना लॉन्च की गई है। योजना की लॉन्चिंग कार्यवाहक सम्भागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टर कोटा डॉ.रविन्द्र गोस्वामी द्वारा की गई।

कोटा चन्द्रेसल में सोगरिया रेलवे स्टेशन के नजदीक स्थित इस योजना में ई.डब्ल्यू.एस. कैटिगरी के आवेदकों को रियायती शुल्क पर भूखंड आवंटित किए जाएंगे।योजना में आवेदन के लिए 25 अक्टूबर से 26 नवंबर 2024 तक बैंक ऑफ बड़ौदा की यूआईटी शाखा से प्राप्त कर जमा किया जा सकता है। आवेदन के लिए 2000 रुपए का प्रोसेसिंग शुल्क है। इसके अलावा अलग-अलग कैटेगरी में अलग-अलग पंजीयन शुल्क भी है।

यह शुल्क 22 हजार से 4.84 लाख रुपए तक है।इनमें अलग-अलग साइज के भूखंड हैं। जिनमें 436 स्क्वायर फीट से लेकर 4358 स्क्वायर फीट तक है। इनकी कीमत 2.20 लाख रुपए से लेकर 48.41 लख रुपए तक है। कोटा के उपनगरीय स्टेशन सोगरिया के पास में बनाई इस स्कीम में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी ए व बी, एचआईजी 1, 2 व 3 कैटिगरी के अलग-अलग साइज में भूखंड हैं। जिला कलेक्टर डॉक्टर रविंद्र गोस्वामी ने बताया कि यह योजना काफी प्रभावशाली है और इस योजना मैं निम्न आय वर्ग के लोगों को रियायती दर पर भूखंड दिए जाएंगे। कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव कुशल कोठारी ने बताया कि यह योजना कोटा विकास प्राधिकरण के द्वारा पूरी तरीके से विकसित की गई है। इसमें कोटा विकास प्राधिकरण समस्त सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है।

योजना की लांचिंग के दौरान कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव कुशल कोठारी, निदेशक वित्त डॉ. नीतू सिंह, उप सचिव हर्षित वर्मा, मालविका त्यागी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर शर्मा, निदेशक अभियांत्रिकी रविन्द्र माथुर अधीक्षण अभियंता नवीन सिंघल निदेशक विधि अधिकारी वीरेंद्र यादव सहित प्राधिकरण के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांग के एक वर्ग को आरक्षण का लाभ नहीं देने पर मांगा जवाब

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने फार्मासिस्ट भर्ती-2023 में एक हाथ और एक पांव वाले दिव्यांग अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ नहीं देने पर केन्द्र सरकार, प्रमुख चिकित्सा सचिव और सिफू निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने भर्ती की नियुक्तियों को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है। सीएम एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश पंकज कुमार खियानी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 5 मई, 2023 को फार्मासिस्ट के 2859 पदों पर भर्ती निकाली। जिसमें दिव्यांगों को चार फीसदी आरक्षण देते हुए 111 पद आरक्षित रखे गए। वहीं यह शर्त लगाई गई कि केन्द्र सरकार की ओर से 4 नवंबर, 2021 को जारी गजट नोटिफिकेशन में दर्शाये दिव्यांग वर्ग को ही इसका लाभ मिलेगा। याचिका में कहा गया कि वह एक हाथ और एक पांव से दिव्यांग है, लेकिन केन्द्र सरकार के नोटिफिकेशन में इस वर्ग के दिव्यांगों को फार्मासिस्ट भर्ती में आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया है। जबकि होम्योपैथी में फार्मासिस्ट कम क्लर्क के पदों पर दिव्यांग के इस वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया गया है और उनका काम भी सामान्य फार्मासिस्ट के समान ही होता है। इसके अलावा नोटिफिकेशन में पदोन्नित से भरे जाने वाले चीफ फार्मासिस्ट पद के लिए भी इस वर्ग को आरक्षण का लाभ दिया गया है। याचिका में केन्द्र सरकार के इस नोटिफिकेशन को चुनौती देते हुए कहा गया कि यह नोटिफिकेशन समानता के अधिकार की अवहेलना करता है। एक समान लोगों पर अलग-अलग नियम लागू नहीं किया जा सकते हैं। वहीं एक पांव और एक हाथ से दिव्यांग व्यक्ति फार्मासिस्ट का काम आसानी से कर सकता है। इसलिए केन्द्र सरकार के इस नोटिफिकेशन को रद्द किया जाए और याचिकाकर्ता को फार्मासिस्ट पद पर नियुक्ति दी जाए। जिस पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करते हुए नियुक्तियों को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है।

अदालत ने 27 सप्ताह के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति देने से इंकार किया

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने 27 सप्ताह तीन दिन के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने बाल कल्याण समिति की ओर से पीड़िता की उम्र का पुन: परीक्षण कराने के आदेश को रिकॉर्ड पर लिया है। जस्टिस अवनीश झिंगन ने यह आदेश पीड़ित पक्ष की याचिका का निस्तारण करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि सामाजिक व मनोवैज्ञानित दबाव के कारण पीड़िता की जान का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। अदालत ने कहा कि पीड़िता को बालिका गृह में रखा जाए और होने वाले नवजात को अस्पताल में सुरक्षित रखा जाए। वहीं अदालत ने पीड़ित पक्ष नवजात को गोद देने के लिए एनओसी देने को कहा है। मामले में नवजात के डीएनए के दो नमूने लेकर पुलिस को सौंपे जाएगे और पीड़िता को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आर्थिक सहायता दी जाएगी।

याचिका में अधिवक्ता संगीता शर्मा ने बताया कि पीडिता दुष्कर्म के कारण गर्भवती हो गई है। यदि उसने संतान को जन्म दिया तो उसकी सामाजिक और मानसिक स्थिति खराब होगी। ऐसे में उसे गर्भपात की अनुमति दी जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से एएजी विज्ञान शाह ने मेडिकल रिपोर्ट पेश कर गर्भपात से उसकी जान के जोखिम की बात कही।

वहीं अदालत के सामने आया कि पीडिता की एक जांच में उम्र 12 साल आई है। जबकि एक्सरे के माध्यम से की गई दूसरी जांच में उसकी उम्र 19-20 साल बताई गई है। वहीं बाल कल्याण समिति ने कहा कि पीड़िता की उम्र का पुन: परीक्षण कराने का निर्णय लिया है।

इस पर अदालत ने समिति के निर्णय को रिकॉर्ड पर लेते हुए गर्भपात की अनुमति देने इनकार कर दिया है।

जनता विकास के लिए प्रतिबद्ध भाजपा सरकार के साथ : भजनलाल शर्मा

- लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि : मदन राठौड़
- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खींवसर, संलुबर और चौरासी विधानसभा उपचुनाव में जनसभा को संबोधित किया

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज खींवसर, संलुबर और चौरासी विधानसभा उप चुनावों में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री शर्मा और प्रदेश अध्यक्ष राठौड़ ने खींवसर से भाजपा प्रत्याशी रेवंतराम डांगा, संलुबर से शांति देवी मीणा और चौरासी से कारीलाल ननोमा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया और क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा के प्रत्याशी को भारी बहुमत के साथ विजय दिलाकर विधानसभा में भेजने का आव्हान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में विकास के कार्य करवाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजन करने का कार्य किया है। भाजपा सरकार खनिज बाहुल्य क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए राइजिंग राजस्थान के तहत अकेले संलुबर विधानसभा क्षेत्र में 250 करोड़ के 6 एमओयू साइन किए गए है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता क्षेत्र का विकास करना है। वहीं दूसरी ओर महिलाओं के उत्पीडन, गुंडागर्दी और अपराध पर लगाम लगाने का भी कार्य किया जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि है, इस जनता जनार्दन को कुछ लोग बहलाकर विधायक या सांसद बन गए लेकिन पद पाने के बाद इन लोगों ने इस जनता जनार्दन को ही भूला दिया। अब समय आ गया है कि इन लोगों को वापस खास से आम बना दिया जाए।

सीएचए व सीएचओ को बोनस अंक देने पर मांगा जवाब

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने कोविड के समय संविदा पर दो साल से भी कम काम करने वाले कोविड हैल्थ वर्कर व कोविड हैल्थ ऑफिसर को कार्य अनुभव के 15 बोनस अंक देने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव, स्वास्थ्य निदेशक और स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर के निदेशक से जवाब मांगा है। जस्टिस महेन्द्र गोयल ने यह आदेश लोकेश कुमार व अन्य की याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता प्रदीप कुमार ने बताया कि राज्य सरकार ने 25 अप्रैल, 2023 को अधिसूचना जारी कर कोविड में दो साल से कम काम करने वालों को 15 बोनस अंक देने का प्रावधान किया। याचिका में कहा गया कि यह प्रावधान गलत है, क्योंकि इससे तो कोविड में एक दिन काम करने वाला अभ्यर्थी भी बोनस अंक का पात्र हो जाएगा। जबकि सीएचए व सीएचओ का काम नर्सिंग के समान नहीं है। सीएचए व सीएचओ को बोनस अंक देने से याचिकाकर्ता नर्सिंग ऑफिसर भर्ती-2023 की अस्थाई वरीयता सूची से बाहर हो गए हैं, जबकि वे पिछले 7-8 साल से नियमित तौर पर नर्सिंग का काम कर रहे हैं। उन्हें बोनस अंक देने से याचिकाकर्ताओं के हित भी प्रभावित हो रहे हैं। इसलिए दो साल से कम काम करने वाले सीएचए व सीएचओ को बोनस अंक का लाभ नहीं दिया जाए।

जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में विविध कला प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन

- रंगोली मांडना समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

कोटा, (निसं)। दीपावली पर्व के मौके पर रानपुर स्थित जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय में विविध कला प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

कुलसचिव डॉ. नरेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन मे शुक्रवार को असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.सोनल गुप्ता के संयोजन में मेहन्दी प्रतियोगिता, गिरजा मीणा के संयोजन में रंगोली प्रतियोगिता व होटल प्रबन्धन विभाग के प्रभारी भारत शर्मा के निर्देशन में पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मेहन्दी प्रतियोगिता में प्रिया मीणा ने प्रथम, डॉली मीणा ने द्वितीय, पायल वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी क्रम में मांडना प्रतियोगिता में प्रिया मीणा ने प्रथम, महक ने द्वितीय, श्याम रेखा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा पाक-कला प्रतियोगिता में अक्षिता व प्रीति ने संयुक्त रूप से प्रथम, माहिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में डॉ.सावित्री सिंहवाल, प्रो.गोपाल सिंह, डॉ.पूनम सिंह आदि सम्मिलित थे।

विश्वविद्यालय के चेयरपर्सन आर.डी. मीणा, प्रेसिडेण्ड (कुलपति) प्रो.डी.पी. तिवारी व विश्वविद्यालय प्रबन्धन मण्डल के सदस्य प्रो.गोपाल सिंह ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये। इस अवसर पर चेयरपर्सन आर.डी. मीणा ने सभी प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस प्रकार की पाठ्यसहगामी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरित किया।

प्रेसिडेण्ड (कुलपति) प्रो. डी.पी. तिवारी ने सभी विजेता प्रतियोगियों को बधाई देते हुए उनके प्रदर्शन की प्रशंसा की। इन गतिविधियों का आयोजन सांस्कृतिक आयोजन समिति की प्रभारी डॉ. सुमन भारती मीणा के संयोजन में किया गया।

इसी अवसर पर विश्वविद्यालय अन्तर्गत विज्ञान विभाग में अध्ययनरत स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों द्वारा औद्योगिक इकाईयों में भ्रमण करते हुए उनकी कार्यविधियों का अवलोकन किया, जो कि उनके पाठ्यक्रम अन्तर्गत प्रायोगिक गतिविधियों में सम्मिलित है। इस कार्यक्रम का आयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मोहम्मद आशिद, डॉ. सोनल गुप्ता, डॉ. पूनम सिंह व जयराम मीणा द्वारा किया गया।